# दिल्ली का ट्रांसजेंडर समाज भी सीएम केजरीवाल के साथ, चलाया जेल का जवाब वोट से कैंपेन

- दिल्ली गेट पर आप विधायक दिलीप पांडे और पार्षद बॉबी किन्नर के नेतृत्व में एकत्र हुआ ट्रांसजेंडर समाज, भाजपा की तानाशाही के खिलाफ वोट करने के लिए किया जागरूक
- लोकसभा चुनाव में अपनी हार देख बौखलाई भाजपा ने एक दलित समाज के बेटे को दिल्ली का मेयर बनने से रोक दिया - दिलीप पांडे



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में रह रहा ट्रांसजेंडर समाज भी अब सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ा हो गया है। सोमवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे और पार्षद बॉबी किन्नर के नेतृत्व ट्रांसजेंडर समाज ने सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ लोगों से जेल का जवाब वोट से देने की अपील की। दिल्ली भर में रहे ट्रांसजेंडर समाज के लोग दिल्ली गेट पर एकत्र हुए और आप की टोपी और जेल का जवाब वोट से लिखी टी-शर्ट पहकर लोगों को भाजपा की तानाशाही और गुंडागर्दी का जवाब अपने वोट से देने के लिए जागरूक किया। इस दौरान विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अब तक हुए दो चरणों के मतदान से साफ हो गया है कि भाजपा हार रही है। दिल्ली और देश के लोग भाजपा की ह्यजेल भेजो नीति के खिलाफ खड़े हो गए हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे और पार्षद बॉबी किन्नर ने दिल्ली गेट पर जेल का जवाब वोट से कैंपेन का आयोजन किया। इस इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या ट्रांसजेंडर समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि पूरे देश की जनता भारतीय जनता पार्टी की साजिशों को समझ चुकी है। इसका परिणाम यह है कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में अपनी हार के डर से इतना बौखला गई है कि उसने बेतरतीब हरकतें शुरू कर दी है। दिल्ली के अंदर बाबा साहब के लिखे संविधान के मुताबिक 5 साल में एक साल दलित समाज के बेटे-बेटियों को एमसीडी में मेयर बनने का मौका मिलता है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने दलित समाज के बेटे को मेयर बनने से रोक दिया।

दिलीप पांडे ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपना कैंपेन सॉन्ग लॉन्च किया था। अभी तक पूरे देश में कभी ऐसा नहीं हुआ था कि किसी पार्टी का कैंपेन सॉन्ग रोका गया हो, लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह सारे लक्षण भारतीय जनता पार्टी की हार की स्वीकार्यता के लक्षण हैं। देश के लोग यह बात समझ चुके हैं। भाजपा की गुंडागर्दी और तानाशाही के खिलाफ दिल्ली और देश के लोग एकजुट होकर खड़े हैं।

देश के लोग भारतीय जनता पार्टी की जेल भेजने की राजनीति के खिलाफ खड़े हो गए हैं। दिलीप पांडे ने कहा कि अभी तक लोकसभा चुनाव के दो चरण के मतदान हो चुके हैं। इन दो चरणों के मतदान के जो रुझान आए हैं, उससे साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव हार रही है और देश के लोग जेल का जवाब वोट देंगे।

## दिल्ली छावनी में जगुआर कार के वाहनों से टकराने से तीन घायल, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली छावनी क्षेत्र में रविवार तड़के तेज और लापरवाही से चलाई गई जगुआर कार के नियंत्रण खो जाने और तीन वाहनों से टकराने से तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि उसने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जो घटना के बाद भाग गया था। 23 वर्षीय आरोपी की पहचान सौरभ पाहवा के रूप में हुई है, जो बीबीए अंतिम वर्ष का छात्र है और दिल्ली के सरस्वती विहार का निवासी है। उसके पिता प्रॉपर्टी डीलर हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने कहा कि पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को रविवार सुबह 4:55 बजे तीन वाहनों की दुर्घटना और तीन लोगों के घायल होने के बारे में एक कॉल मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम ने पाया कि घायलों को किसी अस्पताल में ले जाया गया है। डीसीपी ने कहा, घायल कैब ड्राइवर की पहचान शकरपुर निवासी हरजीत सिंह और कैब में सवार अन्य दो लोगों की मेडिको-लीगल रिपोर्ट सुबह 8.32 बजे एम्स से प्राप्त हुई। डीसीपी ने कहा, जगुआर सुशील पाहवा के नाम पर पंजीकृत है।

# उत्तर पश्चिम दिल्ली से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया ने किया नामांकन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर फिर से जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ भाजपा के उम्मीदवारों ने सोमवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी। भाजपा उम्मीदवारों की तरफ से योगेंद्र चंदोलिया ने सबसे पहला नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उन्हें भाजपा ने उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले योगेंद्र चंदोलिया ने दिल्ली के झंडेवालान मंदिर और श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह नामांकन रैली और रोड शो करते हुए अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे। इस दौरान राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। रोड शो के दौरान मीडिया से बात करते हुए चंदोलिया ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें जीतने सहित देशभर में 400 पार और पीएम मोदी के लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने का दावा किया। उन्होंने कांग्रेस पर बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि पीएम मोदी ने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। आधे लोग जेल में हैं और आधे लोग बेल पर हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी बेल पर हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल का गेम खत्म हो गया है, वह अभी जेल में हैं। लेकिन, जब भी वो जेल से बाहर आएंगे, लोग तब भी उनकी नहीं सुनेंगे। बता दें कि भाजपा ह्यदिल्ली का संकल्प अटल, पूरी दिल्ली में पुनः खिले कमलह्व के नारे के साथ एक बार फिर से दिल्ली की सभी सातों सीटों पर जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरी है। सोमवार को योगेंद्र चंदोलिया ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

मंगलवार को नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज और 1 मई को पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा नामांकन का अपना-अपना पर्चा दाखिल कर सकते हैं।

भाजपा ने इस बार दिल्ली की सात सीटों में से 6 सीटों पर नए चेहरे चुनावी मैदान में उतारे हैं। पार्टी ने चांदनी चौक से प्रवीण खंडेलवाल, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पश्चिम दिल्ली से कमलजीत सहरावत, दक्षिण दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूड़ी, उत्तर पश्चिम दिल्ली से योगेंद्र चंदोलिया और पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा को उम्मीदवार बनाया है। भोजपुरी गायक एवं अभिनेता मनोज तिवारी दिल्ली से एकमात्र उम्मीदवार हैं, जिन्हें पार्टी ने इस बार भी बरकरार रखा है। तिवारी उत्तर पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर एक ही चरण में 25 मई को मतदान होगा।

## द्वारका में पकड़ा गया स्कूटी बाइक चोर



संवाददाता

द्वारका पुलिस ने एक ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इसके पास चोरी की मोटरसाइकिल और दो स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमन के रूप में की गई है। बरामद स्कूटी और मोटरसाइकिल बिंदापुर, डाबरी और रनहोला थाना इलाके से चुराई गई थी। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि रात में इस आरोपी को जेल बेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इसकी पहचान की गई, जिस मोटरसाइकिल से जा रहा था वह बिंदापुर इलाके से चोरी की गई थी। उसके बाद फिर उसकी निशानदेही पर दो और स्कूटी बरामद की गई। जो इसने डीडीए पार्क बिंदापुर में छुपाकर रखा हुआ था। पता चला कि यह पहले से पांच मामलों में शामिल है। जिसमें स्नैचिंग और चोरी के मामले हैं।

## सुल्तान मिर्जा मोती नगर में पकड़ा गया बाईक चोरी में

संवाददाता



मोती नगर थाना की पुलिस टीम ने एक ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जो मोती नगर और पश्चिम विहार ईस्ट थाना इलाके से चुराई गई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरबाज उर्फ सुल्तान मिर्जा के रूप में हुई है। यह शकूरपुर गांव का रहने वाला है। पहले से 11 मामलों में शामिल रहा है। जिसमें ऑटो लिफ्टिंग, आर्म्स एक्ट और स्नेचिंग के शामिल हैं।

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि 15 अप्रैल को मोटरसाइकिल चोरी की वारदात की सूचना पुलिस को मिली थी। उस मामले में पुलिस टीम छानबीन कर रही थी। एसीपी विजय सिंह की देखरेख में एसएचओ वरुण दलाल की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस का भी सहायता लिया। जिसके कारण पुलिस टीम इस आटो लिफ्टर तक पहुंचने में कामयाब हो गई। मादीपुर मेट्रो स्टेशन रोड पर इसे ट्रेप किया, जब यह मोटरसाइकिल से जा रहा था। फिर इसकी निशानदेही पर चोरी की एक और मोटरसाइकिल बरामद की गई।

## आप के ट्रांसजेंडर कार्यकताओं ने केजरीवाल के समर्थन में चलाया अभियान



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी से जुड़े ट्रांसजेंडर समाज के लोगों ने सोमवार को वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे और पार्षद बॉबी किन्नर के नेतृत्व केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ लोगों से जेल का जवाब वोट से देने की अपील की। ट्रांसजेंडर समाज के लोग दिल्ली गेट पर एकत्र हुए आप को वोट देने की अपील की। इस दौरान विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अब तक हुए दो चरणों के मतदान से साफ हो गया है कि भाजपा हार रही है। दिल्ली और देश के लोग भाजपा की जेल भेजो नीति के खिलाफ खड़े हो गए हैं।

## भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर का प्राकृतिक संपर्क टूट गया : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत के विभाजन से कई मायने में पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूट गया और राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर असर पड़ा। जयशंकर दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरण:आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण का संतुलन विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। छात्रों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, भारत के विभाजन ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया जो पूर्वोत्तर के पास था। इसके परिणामस्वरूप, पूर्वोत्तर में जिस स्तर पर विकास होना चाहिए था, वह धीमा पड़ गया। विभाजन के बाद पहले कुछ दशकों में राजनीतिक बाधाओं और प्रशासनिक मुद्दों के कारण पूर्वोत्तर को वह लाभ नहीं मिला जो देश के अन्य हिस्सों को मिल सका। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में मौजूदा आर्थिक स्थिरता मजबूत मोर्चे की ओर बढ़ रही है।

# बिना नक्शे के नहीं कर सकेंगे निर्माण, मास्टर प्लान की ड्राइंग हो रही तैयार

अमरोहा/ मुरादाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान की ड्राइंग तैयार हो रही है। विभाग ने पुरानी फाइलों को निकालकर सत्यापन करने का कार्य भी शुरू कर दिया है। ताकि उन्हें सबसे पहले अनुमति दी जाएं। अब बिना नक्शे के कोई भी निर्माण कार्य नहीं हो सकेगा।वर्ष 1997 में गजरौला नगर एमडीए के आधीन आया। लेकिन, यहां पर मास्टर प्लान नहीं बना था। वर्ष 2019 में इसके लिए प्रयास किया गया और मुख्यमंत्री ने इसे स्वीकृति प्रदान की। छह मार्च 2024 को गजरौला महायोजना 2031 की अधिसूचना जारी होने के बाद इसमें गजरौला नगर पालिका समेत धनौरा तहसील के 13 व हसनपुर तहसील के 09 गांवों को शामिल किया गया था। इस योजना के अंतर्गत नगर गजरौला सहित 22 गांवो के 52 वर्ग किमी के एरिया जोड़ा गया है। यहां पर एमडीए नई टाउनशिप भी विकसित करेगा। लगभग 1672 करोड़ रुपये की योजनाओं से सड़कें, नाला निर्माण, बिजली, पानी समेत तमाम आवश्यक सुविधाओं पर काम किया जाएगा। शहर में नई रिंग रोड भी बनाई जाएगी। इन सभी कार्यों की एक ड्राइंग तैयार हो रही है। जिसमें पूरे कामकाज का नक्शा बना होगा। कहां सड़कें बनेंगी। रिंगरोड कौन-कौन से गांवों को जोड़ेगी इत्यादि काम होंगे। खास बात यह भी है कि अगले 10 वर्षों में एमडीए को 1000 करोड़ के निवेश का अनुमान है। जिसमें 500 करोड़ नक्शा आदि शुल्क व 500 करोड़ रुपये प्राधिकरण व कोलोनिनाइजेर के द्वारा निवेश किया जाएगा।मास्टर प्लान जारी नहीं होने की वजह से एमडीए में शहर की लगभग 50 फाइलें पुरानी रूकी हुई हैं। जिन्हें स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। लेकिन, अब मास्टर प्लान जारी होने के बाद विभाग ने उन फाइल का सत्यापन करना मौके की स्थिति को देखने का कार्य शुरू कर दिया है। क्योंकि पहले उन्हीं फाइलों को स्वीकृति देने की प्लानिंग है। एनएस तोमर, एई, एमडीए, मुरादाबाद ने बताया कि मास्टर प्लान की ड्राइंग तैयार हो रही है। जिसमें मास्टर प्लान के प्रत्येक कार्यों को दशार्या गया है। उधर, पुरानी फाइलों का सत्यापन भी शुरू कर दिया गया है। ड्राइंग स्वीकृत होने के बाद नक्शे पास होने का कार्य भी शुरू हो जाएगा। फिर निर्माण करने में कोई परेशानी नहीं आएगी।

## अधीनस्थ अदालत में जमानत अर्जी क्यों नहीं दायर की : उच्चतम न्यायालय ने केजरीवाल से पूछा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किये गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सोमवार को पूछा कि उन्होंने अधीनस्थ अदालत में जमानत याचिका दायर क्यों नहीं की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) नेता की याचिका पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने केजरीवाल की ओर से उपस्थित हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा, आपने जमानत के लिए कोई अर्जी अधीनस्थ अदालत में दायर नहीं की थी? सिंघवी ने जवाब दिया, नहीं। न्यायालय ने पूछा, आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की? केजरीवाल के वकील ने कहा कि इसके कई कारण हैं जिनमें मुख्यमंत्री की गैरकानूनी गिरफ्तारी भी शामिल है। विषय की सुनवाई जारी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें धन शोधन रोधी एजेंसी की दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार कर दिया था। मुख्यमंत्री वर्तमान में यहां तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को एक नोटिस जारी किया था और केजरीवाल की याचिका पर उसका जवाब मांगा था।

## केजरीवाल को अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता: आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि जेल में भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता है। आप की नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी सिंह ने सोमवार को तिहाड़ जेल में श्री केजरीवाल से हुई मुलाकात को साझा करते हुए कहा कि जेल में भी उन्हें अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता है। उन्होंने बताया कि जेल में मुलाकात के दौरान पूरे समय मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई और मोहल्ला क्लीनिकों के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान श्री केजरीवाल ने उन्हें बतौर जल मंत्री निर्देश दिया कि गर्मियों में दिल्ली में पानी की कमी न हो और जनता को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही महिलाओं के लिए संदेश भेजा कि वह जल्द जेल से बाहर आयेंगे और दिल्ली की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 देने का वादा जरूर पूरा करेंगे।

# दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी से अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में जांच में शामिल होने को कहा: सूत्र

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर फैलाए गये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित फर्जी वीडियो के सिलसिले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक मई को जांच में शामिल होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने रेड्डी समेत कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के पांच सदस्यों को नोटिस भेजा है। रेड्डी ने उक्त वीडियो ह्यएक्सह्ल पर पोस्ट किया था। सूत्रों ने बताया कि रेड्डी को पूछताछ के दौरान अपना मोबाइल फोन साथ में लाने को कहा गया है जिसका कथित इस्तेमाल फर्जी वीडियो एक्सह्ल पर साझा करने में किया गया था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने सोशल मीडिया मंचों पर शाह का फर्जी वीडियो फैलाए जाने के सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद रविवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। कथित फर्जी वीडियो में, तेलंगाना में धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताने का संकेत देने संबंधी शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर इस तरह दिखाया गया है जैसे कि वह हर तरह का आरक्षण समाप्त करने की वकालत कर रहे हों। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के अनेक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के सूत्रों ने बताया कि देशभर में इस मामले में गिरफ्तारियां हो सकती हैं।इससे पहले, भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस की तेलंगाना इकाई शाह का एक फर्जी वीडियो फैला रही है जिसे काट-छांट कर तैयार किया गया है और इससे हिंसा भड़क सकती है।

भाजपा ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस बीच, विशेष प्रकोष्ठ की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स (आईएफएसओ) इकाई ने सोशल मीडिया मंचों से संपर्क कर वीडियो के स्रोत और इसे फैलाने वालों का पता लगाने को कहा है। एक अन्य सूत्र ने कहा, हमने मामले की उपयुक्त जांच के लिए और प्रमुख दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए कई दल बनाए हैं। हमने एक्स (पूर्ववर्ती ट्विटर) और अन्य सोशल मीडिया मंचों को वीडियो के बारे में जानकारी दी है। हम वीडियो के स्रोत का और इसे व्यापक रूप से फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं। आई4सी के सिंकू शरण सिंह द्वारा दायर शिकायत के अनुसार सोशल मीडिया पर, छेड़छाड़ कर बनाये गए कुछ वीडियो साझा किए जा रहे हैं और इसके पीछे समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने की मंशा है जिससे समाज में अमन-चैन बिगड़ने की संभावना है। शिकायत में कहा गया है, आपसे अनुरोध किया जाता है कि कृपया कानून के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई करें।

## हाईवे पर दौड़ती कार में अचानक लगी आग, चालक ने कूद कर बचाई जान

अमरोहा। शॉर्ट सर्किट से हाईवे पर चलती कार में आग लग गई। थोड़ी देर में कार आग का गोला बन गई। चालक ने आगे की लपटों में कूद कर जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद हाईवे पर वाहनों के पहिए थम गए। अचानक कार में हुई अग्निकांड की घटना से हर कोई अचंभित रह गया। धू-धूकर जलती कार के वीडियो-फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मुरादाबाद के रहने वाले जुल्फिकार सोमवार के दोपहर मुरादाबाद से अमरोहा किसी काम से जा रहे थे।जैसे ही उनकी कार डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित चौधरपुर गांव के सामने पहुंची। तभी अचानक कार में आग लग गई। इससे पहले जुल्फिकार कुछ समझ पाते आग की लपटें आसमान छूने लगीं। धू-धूकर जलती कार देखकर अन्य वाहन चालक रुक गए। थोड़ी देर में आग ने पूरी कार को अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान चालक जुल्फिकार ने बामुश्किल कार से कूद कर जान बचाई। सूचना मिलती पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया।जिसके बाद पुलिस और दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। लेकिन इससे पहले आग बुझती, तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया की कार में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है, कोई जनहानि नहीं हुई है।

## मैं तो कार्यकर्ता रहना चाहता हूं अगर ये लोग रहने दें:अरविंदर सिंह लवली

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद आज (सोमवार) अरविंदर सिंह लवली ने कहा है कि वे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रुप में उस तरह से काम नहीं कर सकते जिस तरह से कराया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह उनके खिलाफ बयानबाजी हो रही है। कांग्रेस प्रभारी और आम आदमी पार्टी के लोग बयान दे रहे हैं उससे उन्हें दुख होता है। उन्होंने आगे कहा कि , मैं तो कार्यकर्ता रहना चाहता हूं अगर ये लोग रहने दें...।

सोमवार को मीडिया से बातचीत में अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि अगर कांग्रेस नहीं चाहती काम कराना तो यह अलग मामला है लेकिन वे अनुमति देते हैं तो वे एक कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में काम करने को तैयार हैं। लवली ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की गरिमा के तहत उम्मीदवारों की घोषणा करने से पहले कम से कम अनौपचारिक रूप से सूचित किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं। इस्तीफा देने का मुख्य कारण यह है कि वे अपना 100 प्रतिशत अपना नहीं दे पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अरविंदर सिंह लवली ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद से एक दिन पहले इस्तीफा दिया था। इसके बाद एक ओर कयास लगाए जा रहे हैं कि अरविंदर लवली अब भाजपा में शामिल हो सकते हैं। वहीं उन्होंने खुद स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी और पार्टी में शामिल नहीं हो रहे हैं। डैमेज कंट्रोल करते हुए कांग्रेस की तरफ से भी बयान आया कि अरविंदर सिंह लवली ने पद से इस्तीफा दिया है पार्टी से नहीं। इसके बाद लवली ने मीडिया में यह बयान आज दिया।

# एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी का गठन न होने या कार्य बाधित होने के लिए सिर्फ भाजपा और एलजी जिम्मेदार- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली नगर निगम में स्टैंडिंग कमेटी का गठन नहीं होने या कार्य बाधित होने के लिए केवल भाजपा और उसके एलजी जिम्मेदार हैं। एलजी ने न केवल मनमाने ढंग से भाजपा के नेताओं को एल्डरमैन नामित किया, बल्कि उन्हें वोट का भी अधिकार दे दिया। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो कोर्ट ने एल्डरमैन को मिले वोट के अधिकार पर रोक लगा दी, जबकि उनके मनोनित का मामला विचाराधीन है। स्टैंडिंग कमेटी गठित न होने से प्रभावित हो रहे काम लेकर सोमवार को आए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद ह्यह्यआपह्लह्ल के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिह ने पार्टी का पक्ष रखते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक के लिए निगम ने सदन को विकास संबंधित फैसला लेने का अधिकार दिया था, लेकिन अधिकारी इसे नहीं मान रहे हैं। जहां तक इस्तीफे की बात है, तो अरविंद केजरीवाल को किसी पद का लालच नहीं है। हमने पूरी दिल्ली में सर्वेक्षण कराकर राय मांगी थी और जनता ने एकमत में कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, हैं और रहेंगे।

एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी न होने से बाधित हो रहे काम को लेकर सोमवार को आए दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी पार्टी ने अपना पक्ष रखा। सांसद संजय सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के प्रति पूरा सम्मान व्यक्त करते हुए हम यह मानते हैं कि अरविंद केजरीवाल एक सच्चे देशभक्त हैं। उनकी देशभक्ति, निष्ठा और उनकी ईमानदारी पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। उनके विरुद्ध एक राजनीतिक षड़्यंत्र किया गया है। मोदी सरकार ने तानाशाही के तहत उन्हें जबरन जेल में डाला है, ये अब किसी से छिपा नहीं है। अरविंद केजरीवाल को किसी पद का लालच नहीं है। अरविंद केजरीवाल वो व्यक्ति हैं, जिन्होंने जब सिद्धांतों की बात आई तो 49 दिन की सरकार में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। अरविंद केजरीवाल ने आईआरएस की नौकरी को लात मार कर देश की सेवा का संकल्प लिया। यह किसी पद के लालच का सवाल नहीं है। बल्कि यह तानाशाही के खिलाफ लड़ने का सवाल है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा न देने का निर्णय केंद्र की भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ लोकतांत्रिक ढग से अपने अधिकारों का इस्तेमाल करने का निर्णय है। लोकतंत्र के अंदर मुख्यमंत्री कौन रहेगा और कौन नहीं, उसका निर्णय विधायक और विधानसभा लेती है और पिछले 6 महीनों में तीन बार विधायकों ने उन्हें अपना नेता माना है और ये फैसला लिया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में यह सरकार चलेगी और जेल जाने की परिस्थिति में भी जेल से सरकार चलेगी। बकायदा इसका प्रस्ताव पारित किया गया है। वहीं, अरविंद केजरीवाल का दिल्ली में किया गया काम न सिर्फ भारत में, बल्कि दुनिया के अंदर अनुकरणीय उदाहरण बना हुआ है। उनहोंने जो काम स्कूलों, अस्पतालों, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया, लोगों के लिए बिजली और पानी फ्री की। बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करवाई, माताओं-बहनों के लिए बस की यात्रा फ्री की। अरविंद केजरीवाल ने अनुकरणीय काम करके दिखाया है। ऐसा काम करके दिखाया कि अगर अमेरिका के राष्ट्रपति की पत्न ी भारत आती हैं तो कहती हैं कि हमें अरविंद केजरीवाल का स्कूल देखना है। संजय सिंह ने कहा कि एमसीडी में स्थायी समीति का गठन न होने के लिए अगर सबसे ज्यादा कोई व्यक्ति जिम्मेदार है तो वो बीजेपी के इशारे पर काम करने वाले एलजी हैं। एलजी साहब ने मनमाने ढंग से बीजेपी के नेताओं को नियम और कानूनों ताक पर रखकर एल्डरमैन बना दिया और उनको वोटिंग का अधिकार भी दे दिया। बाद में कोर्ट में एलजी को मुंह की खानी पड़ी और नामित एल्डरमैन को वोटिंग राइट छिन ली गई। अभी ये मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसी परिस्थिति में एमसीडी के सदन ने यह तय किया कि दिल्ली में विकास संबंधी या खर्च संबंधी जो भी निर्णय लेना है

# विश्व हिंदू परिषदऔर बजरंगदल वैशाली महानगर खोड़ा, ने निकाली हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



## हजारों लोगों का उमड़ा जनसैलाब

रविवार को विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल खोड़ा प्रखंड द्वारा हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा का आयोजन किया गया शनि मंदिर, ज्जवलदीप पब्लिक स्कूल से मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रांत मंत्री राजकुमार जी , विमला शुक्ला क्षेत्रीय संयोजक मेरठ प्रांत रामकुमार गुप्ता द्वारा शुभारंभ किया गया यात्रा के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त सलोनी अग्रवाल एवं साहिबाबाद सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश उपाध्याय द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे, यात्रा शनि मंदिर से होते हुए सोम बाजार इतवार बाजार मंगल बाजार मातृका विहार प्रगति विहार होते हुए दीपक विहार गोकुलधाम गौशाला पर समापन किया गया।

यात्रा में श्रीराम एवं भारत माता की झांकियां कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी, यात्रा में मंगल बाजार स्थित व्यापरियों द्वारा एवं जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए जलपान की व्यवस्था की गई इस दौरान डॉ सतीश गुप्ता, पूनम गोयल उपेंद्र मिश्रा, पूर्व चेयरमैन खोड़ा नगर पालिका रीना भाटी, भाजपा नेता योगेश भाटी, विकास मित्रा, युवा मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, मुकेश शर्मा, भरत मात्री, देवेंद्र यादव, राष्ट्रीय हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज चौहान, दयाल शर्मा, राहुल चौधरी, देवेंद्र यादव, रामवीर यादव, राजू भगत, कविता चौधरी, मुकेश गिरी, अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा गाजियाबाद के अध्यक्ष जयनंद शर्मा , भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा खोड़ा मंडल के अध्यक्ष रूपचंद्र तिवारी , महामंत्री रंजीत पांडेय , मंत्री संतोष मिश्रा आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा में पुरुषों के साथ-साथ महिला शक्ति ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया , कविता चौधरी , सोनिया , चंचल, बबली, मीरा आदि महिलाएं जय श्री राम जय श्री हनुमान के नारे लगाती हुई दिखाई दी व डीजे पर राम भजनों पर नाचते हुए शोभा को यात्रा गोकुलधाम गौशाला नेहरू गाईन समापन स्थल तक लेकर पहुंची।

## आतिशी ने जेल में अरविंद केजरीवाल से की मुलाकात

- जेल में मुलाकात के दौरान पूरे समय सीएम ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई, मोहल्ला क्लीनिकों के बारे में लिया अपडेट-आतिशी
- जेल में अरविंद केजरीवाल का जलमंत्री को निर्देश- सुनिश्चित किया जाए गर्मियों में दिल्ली में पानी की कमी न हो, जनता को न करना पड़े किसी समस्या का सामना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीएम ने सरकार के कामकाज का जायजा लिया। इस विषय में साझा करते हुए मंत्री आतिशी ने कहा कि, जेल में भी अरविंद केजरीवाल को अपनी नहीं बल्कि 2 करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता है। उन्होंने कहा कि,

जेल में मुलाकात के दौरान पूरे समय सीएम ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई, मोहल्ला क्लीनिकों के बारे में अपडेट लिया। जेल में सीएम अरविंद केजरीवाल का जलमंत्री आतिशी को निर्देश दिया कि ये सुनिश्चित किया जाए कि, गर्मियों में दिल्ली में पानी की कमी न हो, जनता को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही सीएम अरविंद केजरीवाल का दिल्ली की महिलाओं के लिए संदेश भेजा कि वो जल्द जेल से बाहर आयेंगे और दिल्ली की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 देने का वादा जरूर पूरा करेंगे।

आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, आज मैं जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी से मुलाकात करने पहुँची तो उनसे पूछा कि, आप कैसे हैं? इसपर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि, तुम मेरी चिंता, मेरी सेहत की चिंता मत करो बल्कि ये बताओ कि, काम कैसा चल रहा है, क्या स्कूलों में किताबें समय से पहुँच गई है, बच्चों को अपनी पढ़ाई में तो को दिक़्कत नहीं हो रही। मोहल्ला क्लिनिक में दवाइयों की जो समस्या चल रही थी वो खत्म हुई या नहीं? लोगों को दवाइयाँ मिल रही है या नहीं।

आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने ये सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि, ये जरूर सुनिश्चित किया जाए कि गर्मियों का समय आ रहा है। इस समय में दिल्ली वालों को पानी की बिलकुल समस्या नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने इसपर खास ध्यान रखने को कहा है।

आतिशी ने कहा कि, सीएम अरविंद केजरीवाल जी ने दिल्ली की महिलाओं के लिए भी संदेश दिया है कि वो जल्द बाहर आयेंगे और उनका ये वादा है कि दिल्ली की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की सम्मान राशि देनी है उसका पूरा प्लान बना रहे है और दिल्ली की महिलाओं को हमारी सरकार की ओर से ये सम्मानराशि जरूर मिलेगी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने विधायकों के लिए भी निर्देश दिया और कहा कि सभी विधायक लगातार अपने विधानसभा क्षेत्रों में निरीक्षण करें, लोगों से मिले और उनकी समस्याएँ सुझाए।

## संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली। जैतपुर इलाके के मीठापुर चौक पर एक व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मरने वाले की पहचान गोपाल गुप्ता के रूप में हुई है, जो मीठापुर चौक पर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था और यही पर वह रात को सोया था। सुबह लोगों को वह मृत मिला जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक के हाथों और मुंह से खून निकला हुआ नजर आया है। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस टीम पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है। मृतक गोपाल गुप्ता की बेटी सोनी ने बताया कि पापा यहां सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। रात 10 बजे उनको खाना देने के लिए भाई आया था लेकिन उनसे उसकी मुलाकात नहीं हुई थी। तब हम लोगों ने फोन भी किया था लेकिन उनका फोन कोई और उठाया था। फिर कई बार फोन किए लेकिन उनसे बात नहीं हुई और सुबह पता चला कि उनकी मौत हो गई है। हम लोग बिहार के रहने वाले हैं और यहां बदरपुर इलाके के हरि नगर में रहते हैं।

## एक दोस्त ने बोतल के कांच से काटा दूसरे दोस्त का गर्दन

- सबूत मिटाने कपड़े जूते धोए,,खुद भी आधी रात नहाया
- पुलिस द्वारा 200 सीसीटीवी की जांच से वह बच नही पाया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



चांदनी चौक के ओल्ड लाजपत राय मार्केट में हुई एक सख्स की देर रात हत्या का खुलासा आखिरकार कोतवाली थाना की पुलिस टीम ने कर लिया है। इस मामले में आरोपी गुलाब झा उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया गया, जो सोनिया विहार इलाके में रहता है। वह लाजपत राय, चांदनी चौक मार्केट में दुकानदारों के कार्टून को पैक करने का काम करता है।

**हत्या की यह वारदात 27 अप्रैल को रात में हुई थी**

डीसीपी नॉर्थ मनोज कुमार मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पास से मृतक का मोबाइल, वारदात में इस्तेमाल किया गया ईंट और कांच बरामद किया गया है। हत्या की यह वारदात 27 अप्रैल को रात में हुई थी। जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद ली थी। शुरूआत में मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी, लेकिन पुलिस ने वारदात वाली जगह के साथ-साथ आसपास के लगभग 200 सीसीटीवी फुटेज को खंगाल डाला।

**मृतक मार्केट में दुकानदारों के कार्टून पैक करता था**

इसके बाद मृतक की पहचान मनोज कुमार गुप्ता उर्फ प्रदीप के रूप में हुई। वह मंगल बाजार चौक, सोनिया विहार करने वाला निकला। जो बराबर ओल्ड लाजपत राय मार्केट में आता था। यह भी दुकानदारों के कार्टून को पैक करने का काम करता था। पकड़ा गया आरोपी गुलाब जा इसका पुराना दोस्त है।

**मृतक आरोपी की पत्नी से बढ़ा रहा था नजदीकी**

पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ हुई तो उसने पुलिस को बताया कि मृतक मनोज उसका दोस्त भले था। लेकिन उसकी नजर गुलाब की पत्न ी पर थी। वह अक्सर किसी ने किसी बहाने से बात करता था और मौका देखकर उसकी पत्नी से नजदीकी बढ़ाने की लगातार कोशिश कर रहा था। इससे गुलाब झा काफी परेशान रहता था। मनोज की पत्नी से फोन पर काफी देर तक बात करता था। जिसकी जानकारी गुलाब झा को लग गई थी।

**बहाने से रात में शराब पीने बुलाया और हत्या कर दी**

27 अप्रैल को मनोज से बात करने के बहाने मार्केट की एक दुकान के छत पर गुलाब ने बुलाया। दोनों शराब पीने लगे, इस दौरान शराब के पैसे को लेकर दोनों में झगड़ा शुरू हो गया। आरोपी पहले से अपनी पत्नी के मामले को लेकर गुस्से में था ही। उसने पहले ईंट से मनोज पर वार किया और उसके बाद व्हिस्की के बोतल के टूटे हुए कांच से गर्दन पर कई बार हमला करके बुरी तरह काट करके उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

**खून के दाग मिटाने कपड़े जूते धोए, खुद स्नान किया**

वहां से वह अपने कमरे पर आ गया, खून लगे अपने कपड़े को धोए, जूते को साफ किया और स्नान किया। जिससे कि उसके शरीर पर लगे हुए खून के दाग साफ हो जाए। इधर जब हत्या की वारदात की सूचना पुलिस को मिली तो जांच शुरू की गई। एसीपी शंकर बनर्जी की देखरेख में एसएचओ जतन सिंह, सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार की टीम ने लगातार कड़ी मेहनत करके आखिरकार इस पूरे मामले का खुलासा कर लिया।

## सिख बाहुल्य राजौरी गार्डन में कमलजीत सहरावत का रोड शो

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



बढ़ती गर्मी के बीच पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में प्रत्याशियों का लोगों के बीच पहुंचकर मिलने का सिलसिला भी जोर पकड़ रहा है। साप्ताहिक छुट्टी के कारण नेताओं ने रोड शो किया। इसी कड़ी में बीजेपी की प्रत्याशी कमलजीत सहरावत ने अपने समर्थकों के साथ पश्चिमी दिल्ली में रोड शो किया। जो राजौरी गार्डन विधानसभा में सुभाष नगर मोड़ से शुरू होकर चौखंडी चौक होते हुए, चांद नगर विष्णु गार्डन इलाके तक पहुंचा।

कमलजीत सहरावत के रोड शो में उनके साथ जिला अध्यक्ष राज कुमार ग्रोवर, मिडिया प्रमुख रजनीश दीवान, स. हरजीत सिंह पप्पा, स. गुरमीत सिंह भाटिया, स. कमलजीत सिंह जौली, जसप्रीत सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे। कमलजीत सहरवात ने इलाके में लोगों से मुलाकात की और उन्हें सपोर्ट करने की अपील की। सिख बाहुल्य राजौरी गार्डन विधानभा में रहने वाले लोग भी और कई सिख नेता भी इस दौरान मौजूद थे। उनका कहना था, की मोदी जी ने जितना काम सिख धर्म के लिए किया उतना आजतक किसी ने नहीं किया। इसलिए इस बार मोदी के नाम पर वोट करेंगे।

## कभी हनी ट्रैप, तो कभी हथियार की नोक पर लूटती थी

- महिला से हुई लूट में इस लुटेरी महिला को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



द्वारका जिला के जेल बेल और पोओ सेल की टीम ने एक लुटेरी महिला को गिरफ्तार किया है जो पहले से भी हनी ट्रैप एक्सटॉर्शन के मामले में शामिल थी और हथियार की नोक पर निहाल विहार इलाके में लूट की वारदात को भी अंजाम दे चुकी थी। इसकी गिरफ्तारी से डाबड़ी थाना इलाके में हुई लूट के मामले का खुलासा किया गया है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि 25 अप्रैल को एक महिला से लूट की वारदात हुई थी। जिसमें कैश लूटा गया था और पत्थर मारकर घायल भी किया गया था। पत्थर लगने से पीड़ित महिला घायल हो गई थी। उस मामले की छानबीन शुरू की गई। एसीपी ऑपरेशन रविंद्र अहलावत की देखरेख में इंस्पेक्टर मनजीत सिंह की पुलिस टीम ने मामले को सुलझाने के लिए सीसीटीवी का मदद लिया जिसकी वजह से इस लुटेरी महिला के बारे में जानकारी मिल गई। इसी बीच कांस्टेबल कुलवंत को आरोपी के बारे में पुख्ता इंफॉर्मेशन मिली, जिसके बाद उसे बिंदापुर के पीर बाबा चौक के पास से पकड़ा गया। उसकी पहचान की गई, पूछताछ हुई तो उसने वारदात के बारे में खुलासा किया। उसने बताया कि वह ड्रग एडिक्ट है, पहले भी निहाल विहार में लूट और महरौली के एक्सटॉर्शन के मामले में गिरफ्तार हो चुकी है। उसने 25 अप्रैल को जिस महिला से लूटपाट किया था, उसके पास से मिले पैसे से उसने ड्रग खरीदकर पर्स को राजा पुरी इलाके में फेंक दिया था। वह महरौली के मामले में फरार चल रही थी, इसके खिलाफ गैर जमानती धारा में वारंट हो चुका था।

## प्रगति मैदान टनल में सब इंस्पेक्टर की फिसली बाइक, मौत



नई दिल्ली। दिल्ली के प्रगति मैदान टनल में रविवार को बाइक पर जा रहे सब इंस्पेक्टर की मौत सवालों के घेरे में है। एसआई एनके पवित्रन टनल से होकर गुजर रहे थे और अचानक उनकी बाइक फिसल गई। उन्हें गंभीर हालत में लेडी हार्डिंग अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी देखा जा रहा है, जिसमें एक तेज रफ्तार ऑटो पास से निकल रहा है, तभी बाइक स्लिप होकर गिरती दिख रही है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि वह सभी एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, एनके पवित्रन आशीर्वाद अपार्टमेंट आईपी एक्सटेंशन इलाके में रहते थे और वह पूर्वी जिले की क्राइम टीम में थे। यह हादसा प्रगति मैदान टनल में बाइक फिसलने की वजह से हुआ है। सब इंस्पेक्टर के सड़क हादसे की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सूचना के बाद मौके पर आईओ राहुल के साथ उन्य पुलिसकर्मी पहुंचे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एनके पवित्रन मूलरूप से केरल के रहने वाले थे। उनके बेटे और परिवार को हादसे के बारे में सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## बीपीएल ने दिल्ली की दो सीटों पर उम्मीदवार उतारे

नई दिल्ली। भारतीय लिबरल पार्टी (बीपीएल) ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। फिलहाल उत्तर पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक से उम्मीदवारों की घोषणा की है। बीपीएल ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकगीत गायक संजीव पाण्डेय को मैदान पर उतारा है। चांदनी चौक से पशुपति अखाड़ा के महामंडलेश्वर योगेन्द्र सिंह उर्फ योगी माथुर को टिकट दिया है। यह जानकारी पार्टी की विज्ञप्ति में दी गई है। भारतीय लिबरल पार्टी अध्यक्ष डॉ. मुनीश रायजादा ने कहा है कि बीपीएल का मकसद अच्छा प्रशासन लाना और भ्रष्टाचार खत्म करना है। पार्टी साफ-सुथरी राजनीति करने और दिल्ली प्रदेश में सुशासन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. रायजादा ने योगी माथुर को दिल्ली इकाई का उपाध्यक्ष भी मनोनीत किया है।

## मैच में सट्टा लगाने के मामले में तीन गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच शनिवार को आईपीएल 2024 का 43वां मैच खेला गया। इस क्रिकेट आईपीएल मैच में सट्टेबाजी करने के आरोप में शाहदरा जिले की एसटीएफ टीम ने इलाके से 3 लोगों को पकड़ा है। इनके पास से पुलिस टीम ने 1 लैपटॉप, 6 मोबाइल फोन, 1 एलईडी टीवी, 1 राउटर और 20 हजार 500 रुपये कैश बरामद किया है। कृष्णा नगर पुलिस ने भी 3 अन्य लोगों को जुआ खेलते पकड़ा है। इन सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कृष्णा नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है।

शाहदरा जिला डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि दिल्ली और मुंबई के बीच खेले गए मैच के दौरान एसटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोग आईपीएल मैच की सट्टेबाजी कर रहे हैं। सूचना को पुख्ता करते हुए एसटीएफ ने उस जगह पर दबिश दी, जहां पर ये लोग सट्टेबाजी कर रहे थे। पुलिस टीम ने कृष्णा नगर के रघुनाथ मंदिर के पास स्थित मकान नंबर बी-2 से /19 पर धावा बोला और तीन लोगों को ऑनलाइन सट्टेबाजी करते हुए धर दबोचा। सभी पकड़े गए आरोपितों की पहचान प्रदीप शर्मा (33) उर्फ बॉबी निवासी न्यू अशोक नगर, वसुंधरा एन्क्लेव (दिल्ली), मोहित अरोड़ा (35) निवासी शालीमार गार्डन, साहिबाबाद (उत्तर प्रदेश) और मुकेश शर्मा (44) निवासी सिंदुरा कलां, चौकी नंबर 2 (दिल्ली) के रूप में की गई है। इसके अलावा कृष्णा नगर थाना पुलिस ने भी जुआ खेलने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट की अलग-अलग धाराओं में केस भी दर्ज किया गया है। तीनों आरोपित शाहदरा के भोला नाथ नगर के रहने वाले हैं। इनकी पहचान जतिन क्वात्रा (38), साहिल क्वात्रा (27) और निखिल अरोड़ा (23) उर्फ नोनू निवासी शाहदरा (दिल्ली) के रूप में की गई है। दिल्ली पुलिस की टीम ने इन सभी सट्टेबाजों को कृष्णा नगर इलाके की सी-2/8, तीसरी मंजिल से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 2 लैपटॉप, 4 मोबाइल फोन, एलसीडी टीवी, 1.65 लाख रुपये, इंटरनेट मॉडेम और अन्य दूसरी एसेसरीज भी बरामद हुई हैं।

## लाजपत राय मार्केट में युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी, दोस्त गिरफ्तार

- वह अक्सर किसी न किसी बहाने से बात करता था और मौका देखकर उसकी पत्नी से नजदीकी बढ़ाने की लगातार कोशिश कर रहा था।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तरी जिले के ओल्ड लाजपत राय मार्केट में 27 अप्रैल की देर रात हुई हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में आरोपित गुलाब झा उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया गया, जो सोनिया विहार इलाके का रहने वाला है। वह लाजपत राय, चांदनी चौक मार्केट में दुकानदारों के कार्टून पैक करने का काम करता था।

उत्तरी जिले के डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के पास से मृतक का मोबाइल, वारदात में इस्तेमाल की गई ईंट और कांच बरामद किया गया है। हत्या की यह वारदात 27 अप्रैल की रात में हुई थी। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद ली थी। शुरूआत में मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी लेकिन पुलिस ने वारदात वाली जगह के साथ-साथ आसपास के लगभग 200 सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, जिससे मरने वाले की पहचान मनोज कुमार गुप्ता उर्फ प्रदीप के रूप में हुई। वह मंगल बाजार चौक, सोनिया विहार करने वाला था, जो बराबर ओल्ड लाजपत राय मार्केट में आता था। यह भी दुकानदारों के कार्टून को पैक करने का काम करता था। पकड़ा गया आरोपित गुलाब झा इसका पुराना दोस्त है।

आरोपित ने पूछताछ में बताया कि मृतक मनोज उसका दोस्त भले था लेकिन उसकी नजर गुलाब की पत्न ी पर थी। वह अक्सर किसी न किसी बहाने से बात करता था और मौका देखकर उसकी पत्नी से नजदीकी बढ़ाने की लगातार कोशिश कर रहा था। इससे गुलाब झा काफी परेशान था। वह उसकी पत्नी से फोन पर काफी देर तक बात करता था, जिसकी भनक गुलाब झा को लग गई थी।

27 अप्रैल को मनोज से बात करने के बहाने मार्केट की एक दुकान की छत पर गुलाब ने बुलाया। दोनों ने शराब पी इस दौरान शराब के पैसे को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। आरोपित पहले से अपनी पत्नी के मामले को लेकर गुस्से में था। उसने पहले ईंट से मनोज पर वार किया और उसके बाद बोतल के टूटे हुए कांच से गर्दन पर कई बार हमला करके उसकी हत्या कर दी।

## रघुबीर नगर में जुए के अड्डे पर रेड, 9 गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिमी जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की टीम ने गैंबलिंग के अड्डे पर छापा मारकर नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहां से 21000 कैश, प्लेइंग कार्ड, कैलकुलेटर इत्यादि बरामद किया गया। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि गैंबलिंग के अड्डे के बारे में हेड कांस्टेबल कुलदीप को एक सूचना मिली थी। पता चला कि देर रात वहां पर गैंबलिंग चलता है।

जिसके आधार पर इंस्पेक्टर मनीष चौधरी की देखरेख में पुलिस टीम ने पी ब्लॉक पार्क रघुवीर नगर में छापा मारा। वहां से नौ आरोपियों को धर दबोचा। इनके खिलाफ दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया। आरोपियों की पहचान चंद्र प्रकाश, अमरजीत, अनिल प्रसाद, नरेश, राजेश, तरुण, रमेश, प्रथम और दीपक कुमार के रूप में हुई है। यह सभी आरोपी रघुवीर नगर इलाके के अलग-अलग कॉलोनी के रहने वाले हैं।

## अमित शाह के डॉक्टर्ड वीडियो पर एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ इकाई ने एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डॉक्टर्ड वीडियो पर मामला दर्ज किया है। एफआईआर में कहा गया है कि कुछ डॉक्टर्ड (छेड़छाड़) वीडियो फेसबुक और ट्विटर (अब एक्स) के उपयोगकताओं द्वारा प्रसारित किए जा रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है, जिससे समुदायों के बीच वैमनस्यता पैदा करने के इरादे से भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है, जिससे शांति प्रभावित होने और सार्वजनिक व्यवस्था संबंधी समस्याएं पैदा होने की आशंका है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वे वीडियो के मूल निमार्ता का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं और इसके स्रोत तक पहुंचने के लिए कुछ लोगों से पूछताछ करेंगे, जिन्होंने डॉक्टर्ड किए गए वीडियो को साझा किया है। मामला रविवार को दर्ज किया गया है।

## जेईई मेन में फिजिक्स वाला विद्यापीठ के 615 विद्यार्थी उत्तीर्ण

नई दिल्ली । प्रमुख एड-टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने दिल्ली-एनसीआर में अपने विद्यापीठ केंद्र से जेईई मेन सेशन 2 परीक्षा परिणामों की घोषणा की। यहां से 615 विद्यार्थी जेईई एडवांस में उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से 36 ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। देशभर में 4000 से अधिक विद्यापीठ के छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें से 399 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 192 छात्रों ने 99.5 से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त विद्यापीठ के 118 छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक में सम्मानजनक स्थान हासिल किया। फिजिक्स वाला की विज्ञप्ति के अनुसार, विनायक गुप्ता, हिमांशु, जयेंद्र विजय बिरहाडे, आदित्य कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है। पीडब्ल्यू के ऑफलाइन सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा, विद्यापीठ सेंटर्स के छात्रों का प्रदर्शन शानदार है। यह गुरुजनों और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

## सुनीता केजरीवाल व आतिशी ने तिहाड़ में बंद अरविंद केजरीवाल से की मुलाकात

नई दिल्ली । सुनीता केजरीवाल और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने सोमवार को तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। यह जानकारी जेल के एक अधिकारी ने दी। सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता और आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी दोपहर करीब 12.40 बजे तिहाड़ पहुंचीं। सीएम केजरीवाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए आतिशी ने कहा कि मुलाकात के दौरान सीएम ने सबसे पहले दिल्ली के लोगों का हालचाल पूछा। उन्होंने पूछा कि अस्पतालों में दवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध हैं या नहीं। उन्हें दिल्ली के लोगों की बहुत चिंता है। उन्होंने महिलाओं के लिए एक संदेश भी दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि वह जल्द ही दिल्ली में महिलाओं के लिए प्रति माह 1,000 रुपये देने के वादे की घोषणा करेंगे। आतिशी ने इस बात पर भी सवाल उठाए कि सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री से पहले मिलने से क्यों मना किया गया। सीएम से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा, ह्यह्लपहले राजनीतिक कैदियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाता था, लेकिन अब यह तानाशाही में तब्दील होता दिख रहा है। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मंगलवार को सीएम केजरीवाल से मुलाकात करने वाले हैं। कथित उत्पाद शुल्क घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 21 मार्च को गिरफ्तार सीएम केजरीवाल तिहाड़ की जेल नंबर -2 में बंद हैं। मुख्यमंत्री ने छह व्यक्तियों की एक सूची प्रदान की, जिनसे वह जेल में मिलना चाहते हैं।

## लवली को पूर्व विधायकों का समर्थन, उदित राज और कन्हैया से नाराजगी

- पहले टिकट वितरण से नाराज होकर वर्ष 2017 में भी लवली ने इस्तीफा दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे।
- इस बैठक में दिल्ली के प्रभारी दीपक बाबरिया भी मौजूद थे।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले अरविंदर सिंह लवली को पार्टी में ही कई पुराने साथियों का समर्थन मिल रहा है। इनमें से कई पूर्व विधायक दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन से नाराज हैं।

लवली ने रविवार को अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था और सोमवार दोपहर तक कांग्रेस के तीन दर्जन से अधिक पूर्व विधायक उनसे बात- मुलाकात कर चुके हैं।

उधर कांग्रेस ने दिल्ली में नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश शुरू कर दी है। पार्टी का कहना है कि जल्द ही इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी। पार्टी के इस कदम से अब लवली और कांग्रेस के बीच दूरियां और अधिक बढ़ती दिखाई दे रही हैं। इस बीच भाजपा ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्र को सशक्त करने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति का वह पार्टी में स्वागत करेगी। हालांकि लवली ने अभी तक कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है।

गौरतलब है कि जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। लवली कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी को लेकर नाराज हैं। इससे पहले टिकट वितरण से नाराज होकर वर्ष 2017 में भी लवली ने इस्तीफा दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे।

प्रदेश कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि न केवल अरविंदर सिंह लवली बल्कि हाल ही में संदीप दीक्षित व कन्हैया कुमार के बीच बैठक के दौरान काफी बहस हुई। इस बैठक में दिल्ली के प्रभारी दीपक बाबरिया भी मौजूद थे।

कांग्रेस नेताओं के मुताबिक इससे पहले उत्तर पश्चिमी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज के साथ बैठक में पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान और प्रदेश इंचार्ज दीपक बावरिया के बीच भी भरी सभा में गंभीर कहा सुनी हुई थी।

कांग्रेस के नेताओं का भी मानना है कि टिकट बंटवारे के बाद हो रही इस तकरार के कारण दिल्ली कांग्रेस के कई नेता अलग-अलग गुट में बंट गए हैं। दबी जुबान में कांग्रेस के नेता कहते हैं कि कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी का अंदरखाने काफी विरोध हो रहा है। हाईकमान को भी इसकी जानकारी है, यही कारण है कि प्रदेश इंचार्ज दीपक बाबरिया ने 19 अप्रैल को एक बैठक बुलाई। इसी बैठक में संदीप दीक्षित की कन्हैया कुमार के साथ बहस हुई और उन्होंने दीपक बाबरिया से भी अपना विरोध दर्ज कराया।

सोमवार को जब दीक्षित से बात की गई तो वह विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में व्यस्त थे। पूर्व सांसद संदीप दीक्षित के मुताबिक आज की तारीख में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनना कांटों का ताज संभालने जैसा है। बावजूद इसके अरविंदर सिंह लवली ने बीते कई महीनो में मेहनत कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया।

दरअसल लवली ने इस्तीफा अचानक नहीं दिया है, बल्कि वह बीते कई दिनों से पार्टी ऑफिस तक नहीं आ रहे थे। लवली समर्थक कांग्रेस नेता कहते हैं कि उनकी लगातार अनदेखी की जा रही थी। दिल्ली कांग्रेस को मजबूत करने के लिए जो भी निर्णय लिए गए, आला कमान ने उन्हें मंजूरी नहीं दी। केवल इतना ही नहीं, दिल्ली में बाहरी उम्मीदवार थोपे गए और दिल्ली कांग्रेस के नेताओं की लगातार अनदेखी की जा रही है।

## अमित शाह के छेड़छाड़ किये हुए वीडियो के मामले में दिल्ली पुलिस तेलंगाना कांग्रेस को जारी करेगी नोटिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो से साथ छेड़छाड़ कर उसे वायरल करने के मामले में जांचकर्ता कांग्रेस की तेलंगाना इकाई को नोटिस जारी करने वाले हैं। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। वास्तव में, गृह मंत्री ने तेलंगाना में मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताई थी, लेकिन वीडियो से छेड़छाड़ कर यह जताने की कोशिश की गई कि वह सभी वर्गों के लिए आरक्षण समाप्त करने की बात कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की एक टीम तेलंगाना जाकर उन लोगों को नोटिस थमायेगी जिन्होंने इस फर्जी वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया था। उन्होंने कहा, ह्लचूंकि तेलंगाना कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से भी इसे पोस्ट किया गया था, इसलिए उन्हें भी नोटिस दिया जाएगा।

इससे पहले भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया था कि तेलंगाना कांग्रेस का एक धरा अमित शाह के छेड़छाड़ किये हुए वीडियो को वायरल कर रहा है जिससे बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क सकती है।

सूत्र ने बताया, मामले की जांच चल रही है। हम वीडियो के मूल तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। जिन लोगों ने इसे पोस्ट किया है उनसे पूछताछ की जाएगी और जांच में शामिल होने के लिए उन्हें नोटिस दिये जायेंगे।

भाजपा और केंद्रीय गृह मंत्रालय की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की साइबर शाखा के आईएफएसओ ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आईपीसी की धारा 153, 153ए, 465,469 तथा 171जी, और आईटी एक्ट की धारा 66सी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एफआईआर में गृह मंत्रालय ने अपनी शिकायत में कहा है कि ह्लफेसबुक और ट्विटर (अब एक्स) के यूजरों द्वारा कुछ छेड़छाड़ किये गये वीडियोह्व सकुर्लेट करने की जानकारी मिली है। शिकायत में मंत्रालय ने वीडियो के लिंक भी साझा किये थे।

इस वीडियो के सामने आने के बाद विवाद पैदा हो गया था जिससे ऐसा लगता है कि गृह मंत्री अमित शाह की मंशा अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटा) ओर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण समाप्त करने की है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडीवर्स हॉस्पिटल के डॉक्टर पुत्री ने किया नाम रोशन

गया। गया के आइभीएफ सपस्शेलिष्ट डॉक्टर तेजस्वी नंदन एवं बच्चों के मशहूर डा मंजुल विजय की बेटी मानवीका विजय ने ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल में कक्षा एक मे अपने स्कूल में अच्छा प्रदर्शन किया और मां पिता का नाम रोशन किया है इनके खबर आते ही लोगों ने डॉक्टर तेजस्वी नंदन एवं डॉक्टर मंजुल विजय को बधाई दिए जिसमें धीरज, राहुल रंजन और मेडीवर्स हॉस्पिटल के प्रबंधक एवं सभी डॉक्टर एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं दीए है।

### सिपाही की मौत के बाद सोन नद पर किया गया अंतिम संस्कार

गया। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से सुपौल जा रहे गोपालगंज पुलिस बल के सिपाही अरवल जिले के ईटवां गांव निवासी राजदेव सिंह के पुत्र दिग्विजय सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई है। जैसे ही जानकारी इटवा गांव में मिली पूरे गांव में शोक का माहौल कायम हो गया। जानकारी के मुताबिक राजदेव सिंह के तीन पुत्र थे। उन तीन पुत्रों में सबसे छोटे पुत्र दिग्विजय थे। वर्ष 2011 में सिपाही में नौकरी लगी थी। पार्थिव शरीर गांव आते ही गांव में मातम पसर गया परिजनों को रो रो कर हाल बेहाल हो गयो इधर अंतिम संस्कार के लिए अरवल सोन नदी घाट पर लाया गया जहाँ अंतिम संस्कार किया गयो इस मौके पर अरवल डीएसपी कृति कमल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मौके पर मृतक के परिजन के साथ भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### हीट वेव की स्थिती से जन जीवन अस्त व्यस्त

करपी/ अरवल। अखिल भारतीय छात्र संघ जिला सचिव राकेश राही ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि जिले में हीट वेव की स्थिती बनी हुई है। जन जीवन अस्त व्यस्त है। जिले के कई इलाके में पेय जल का संकट है। लोगों के चापाकल सुख गये हैं। बंद पड़े चापाकल को जल्द से जल्द दुरूस्त कराया जाय। ताकि आम जन को इस भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकने की आवश्यकता न हो। सबसे महत्वपूर्ण बात की जिले के अंदर विभिन्न बाजारों मे चौक चौराहे पर पानी की व्यवस्था तत्काल रूप से जिला प्रशासन को करनी चाहिए। जिससे इस भीषण लू में लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन से मांग करता हूं कि इसको जल्द से जल्द मूर्त रूप दिया जाय। मौसम विभाग के लगातार चेतावनी के वाबजूद शिक्षा विभाग ने भी अभी तक अपना रूख स्पष्ट नही किया है। जिले के अंदर छोटे छोटे बच्चे स्कूल जाने को विवश हैं। निजी विद्यालयों के लिये भी दिशा निर्देश दिया जाय। ताकि छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार ने चलाया जनसंपर्क अभियान

अरवल। जहानाबाद लोकसभा इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल के समर्पित उम्मीदवार सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कुर्था विधानसभा क्षेत्र के गंगापुर, अनुआ, कर्मी बीघा, माली, सोनभद्र गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने वोटरों से वोट देकर जीताने की अपील की। इस दौरान अनुआ पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, माली पंचायत के मुखिया ललन कुमार ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### पुलिस ने देसी शराब किया बरामद, धंधेबाज फरार

दिनारा (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी शराब बरामद कर लिया। लेकिन मामले में संलिप्त शराब कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के जमरोढ़ गांव से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 15 लीटर देसी शराब बरामद कर लिया। लेकिन पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में संलिप्त शराब कारोबारी को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### पुलिस ने छापेमारी कर शराब के साथ दो धंधेबाज को भेजा जेल

काराकाट (रोहतास) आबकारी विभाग पुलिस टीम ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर काराकाट थाना क्षेत्र के मुंजी एवं धवनी गांव में छापेमारी कर देसी एवं अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी को धर दबोचा। जानकारी देते हुए अनुमंडलीय उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि काराकाट थाना क्षेत्र के मुंजी गांव से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर शिव पुकार उर्फ शिवकुमार सिंह के पास से 14 कार्टन यानी कुल मात्रा 120.960 लीटर अंग्रेजी शराब एवं धवनी गांव से मंटू साह के पास से 7.74 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। साथ ही साथ मामले में संलिप्त दोनों कारोबारी को भी गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# डीएम ने लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों के साथ किया समीक्षात्मक बैठक

प्रात: किरण संवाददाता




अरवल। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सेक्टर पदाधिकारियों द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत सभी सेक्टर पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वे प्रतिदिन मतदान केन्द्र का भ्रमण करेंगे, जिसके अंतर्गत वल्नरेबल पॉकेट में जाकर लोगों के बीच कॉन्फिडेंस बिल्डिंग का कार्य करेंगे ताकि मतदाता भयमुक्त माहौल में मतदान कर सकें, साथ ही प्रखण्ड स्तर पर बनाये गये माइक्रोप्लान के अंतर्गत घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। यदि मतदान केन्द्र पर अभी भी मूलभूत भौतिक सुविधाओं की कमी है तो अपने-अपने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी को तुरंत प्रतिवेदित करेंगे।

इसके अतिरिक्त मतदाता पर्ची वितरण एवं वोटर गाइड की भी जाँच करेंगे। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरवल के साथ अन्य उपस्थित रहे।

# एनडीए गठबंधन के पक्ष मे लोजपा (रा) चलाया जनसंपर्क अभियान : सत्येन्द्र रंजन

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष मे लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में चलाया गया जनसंपर्क अभियान। आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर पूरे देश भर में 400 सौ सांसद जिताने के संकल्प के साथ जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जिताने के लिए अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में अरवल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम - राणापुर, हरना, ढोरहां, दरियापुर, बेलखारा सहित दर्जनों गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान एवं बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों के मजबूत करने के लिए जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में मतदान करने के लिए आम मतदाताओं से अपील किया। जनसम्पर्क अभियान में बेलखारा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष धनंजय वर्मा, लोजपा रामविलास के कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नवादा में एसएलआर व कारतूस चोरी मामला से नहीं उठा पर्दा, खबर चलाने पर पत्रकार पर थानाध्यक्ष ने किया मुकदमा

प्रात: किरण /धीरज गुप्ता



गया। नवादा में पिछले दिनों 18 अप्रैल की देर रात मतदान केंद्र की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस जवान से चोरी हुई रायफल और कारतूस मामले में दुस्साहस की सारी हदें पार कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त से अब तक बाहर है। इधर, घटना की खबर को सभी चैनलों और अखबार में प्रमुखता से छपी लेकिन कशिश न्यूज के संवाददाता सन्नी भगत द्वारा प्रमुखता से दिखाने पर पकरीबरावां थाना के थानाध्यक्ष अजय कुमार ने टारगेट कर उन्हें एक झूठा मुकदमा न्यायालय मुख्य न्यायधीश के समक्ष दायर किया है।

नवादा पुलिस अपनी निष्क्रियता छिपाकर पत्रकार को घेरे में ले रही है और झूठा आरोप लगा रही है। घटना के 9 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली : बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर पहले चरण में नवादा लोकसभा सीट पर मतदान 19 अप्रैल को हुआ था। वहीं, मतदान केंद्र की सुरक्षा में तैनात देररात एक पुलिस जवान की रायफल और 20 कारतूस की चोरी की वारदात हुई थी। हालांकि पुलिस ने इस मामले में घटना के अगले दिन घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक ताड़ के पेड़ के नीचे झाड़ी से पुलिस जवान से चोरी हुई रायफल और 20 कारतूस को लावारिश अवस्था में बरामद किया था। वहीं, इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को अपने हिरासत में भी लिया था। अगले दिन पूछताछ कर सभी को निर्दोष पाकर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने छोड़ दिया था। वहीं, इस घटना को कशिश न्यूज समेत अन्य न्यूज चैनल और अखबार में चलने के बाद थानेदार ने सिर्फ कशिश न्यूज के संवाददाता सन्नी भगत पर एक झूठा मुकदमा न्यायालय में मुख्य न्यायधीश के समक्ष दायर किया गया है। बता दें कि घटना के 9 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। चोर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताया जाता है।

वहीं, पत्रकार को फर्जी तरीके से आरोपी बनाए जाने से जिलाभर के पत्रकारों में रोष है। रिपोर्टर पर एफआईआर की निंदा करते हुए पत्रकारों ने कहा है कि पुलिस अपनी विफलता को दबाने के लिए पत्रकारों के खिलाफ दमन की कार्रवाई कर रही है। पत्रकार पर झूठा मुकदमा कर थानाध्यक्ष ने लोकतंत्र पर किया प्रहार : वहीं नवादा ऑल इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा इंटरनेशनल) बिहार के नवादा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने पकरीबरावां थानाध्यक्ष की इस कार्रवाई पर तीखी भर्त्सना किया है। उन्होंने कहा थानाध्यक्ष अजय कुमार अपने निष्क्रियता को छिपाने के लिए पत्रकार सन्नी भगत को टारगेट किया है। सभी अखबारों और न्यूज चैनलों ने खबर चलाया, लेकिन उन्होंने टारगेट लेकर सन्नी भगत पर झूठा मुकदमा दर्ज किया है। इस कुकृत्य का नवादा के सभी पत्रकार तीखी भर्त्सना करता है और वरीय अधिकारी से इसकी जांच की मांग किया है।

उन्होंने कहा पकरीबरावां थानाध्यक्ष अपनी नाकामी छिपाना चाह रही है। घटना के 09 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं किया है। एसएलआर व कारतूस बरामद हुआ, लेकिन इसे किसने चोरी किया यह एक पहेली बना है। इनकी नाकामियों को छापने पर पत्रकार पर मुकदमा किया गया है। उन्होंने कहा पहले वरीय अधिकारी से साक्ष्य के साथ मिलकर कि उक्त पत्रकार पर मुकदमा और आरोप हटाने का मांग किया जाएगा। इसके बाद वरीय अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करेंगे तो चरणबद्ध धारणा - प्रदर्शन कर आन्दोलन किया जाएगा।

# स्वीप मतदाता जागरूकता से लोगों को किया गया जागरूक

बिक्रमगंज (रोहतास) स्वीप कार्यक्रम के तहत नोनहर पंचायत में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास नविन कुमार के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पंचायत मुखिया आभा सिंह की उपस्थिति में स्विप कार्यक्रम के तहत पंचायत के सभी गावों में घर घर जाकर मतदान संवाद कार्यक्रम करते हुए प्रखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जीविका के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज मेहता ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान कराने तय के साथ महिला मतदाताओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार चौधरी, सामुदायिक समन्वयक आलोक कुमार, राजेश कुमार, सीएम प्रियंका कुमारी, जुली कुमारी, मुन्नी देवी, पिंकी पटेल, तमन्ना खातुन सहित काफी संख्या में जीविका सदस्य शामिल थे।

# रैली अभियान से मतदाता को किया गया जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) जिलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देशानुसार काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को देवाशीष सिंह श्रम परावर्तन पदाधिकारी, अनुज कुमार प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी की उपस्थिति में सिकरियां पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय एवं नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी उच्च माध्यमिक विद्यालय और मध्य विद्यालय गोड़ारी में स्वीप कार्यक्रम तहत सभी गतिविधियां कराई गई। साथ ही तीनों विद्यालयों द्वारा एक जून को मतदान करने को लेकर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी, बीएलओ, छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## पराली जलाने वालों के विरुद्ध प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

बिक्रमगंज (रोहतास) बिक्रमगंज अनुमण्डल क्षेत्र में अगलगी की बढ़ रही घटनाओं को लेकर अनुमंडल प्रशासन सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए सोमवार को पराली जलाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर अनुमण्डल क्षेत्र के विभिन्न थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। संझौली थाना कांड सं0-75/24, बिक्रमगंज थाना कांड सं0-248/24, सूर्यपुरा थाना कांड सं0-114/24, दिनारा थाना कांड सं0-180/24 में आईपीसी की धारा-188 तथा धारा-39 एयर एक्ट 1981 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। अन्य थानों में भी पराली जलाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है।

# बीडीओ के खिलाफ ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के खरगपुरा में बीडीओ अमित प्रताप सिंह द्वारा साधु महात्मा को अपमानित करने और ग्रामीणों को धमकी दिये जाने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम अनिल बसाक से की। एसडीएम को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि खरगपुरा गांव में शिव मन्दिर के निर्माण उपरांत मन्दिर प्रांगण में प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया था। जो 27 अप्रैल को पुणाहुति व भण्डारा के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ कराने वाले सन्त श्री राजन जी महाराज मठाधीश सोनवर्षा एवं वैशाडीह मठ के द्वारा यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न कराया गया। इसी बीच 24 अप्रैल को श्री राजन जी महाराज के कुटिया जो कि यज्ञशाला में आग लग गई और वह पूरी तरह से जल गया। अनुकूल समय नहीं होने के कारण महाराज के कुटिया का व्यवस्था नहीं हो पाया तो सभी ग्रामिणों की ओर से विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई कर उनके ठहरने का व्यवस्था विद्यालय समिति के सदस्यों के सामुहिक निर्णय से किया गया।

27 अप्रैल को साधु महाराज जी लोगों का विदाई हो रहा था। उसी समय बीडीओ बिक्रमगंज अमित प्रताप सिंह वहां पहुंचे और साधु महात्मा लोगों को ऊंची आवाज में बोलने लगे। इस दौरान उन्होंने अमर्यादित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग उन सन्त महात्माओं के लिए किया। इसी बीच ग्रामीण भी आ गए। जिनको भी बीडीओ अपशब्द बोलने लगे। इन सारी बातों को देखते हुए साधु सन्त ग्रामवासी से बोले कि आपलोग के सामने हम साधु सन्तों को इतना अपमानित होना पडा, इस पर सभी ग्रामवासी बहुत दुःखी हो गए। फिर जाते-जाते बोले कि सभी ग्रामवासियों को झुठे केश में फसाऐंगे। क्योकि आपलोग बिना सूचित किए विद्यालय को धर्मशाला बना दिये थे। ग्रामीणों ने एसडीएम से बीडीओ द्वारा सरकारी पद एवं पावर का दुरुपयोग करके साधु महात्मा के साथ-साथ ग्रामिणों को भी अपमानित करने, धार्मिक कार्य में बाधा डालने एवं शान्ति भंग करने के लिए कानूनी दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

संझौली (रोहतास) थाना क्षेत्र के गैस एजेंसी के समीप सोमवार की सुबह में करीब आठ बजे सड़क दुर्घटना में हुए दो जख्मी में इलाज के लिए ले जाने क्रम में बीच रास्ते में एक ने दम तोड़ दिया। वही दूसरा घायल का इलाज सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका ईलाज चल रहा है। दोंनो एक ही गांव के निवासी बताए जाते है। मृतक ब्रजेश कुमार उम्र 24 वर्ष, घायल कवि कुमार उम्र 18 वर्ष जो यूपी के चंदौली जिले के ग्राम धनउ के दोंनो निवासी बताया जाता है। घटना के संबंध बताया जाता है कि सोमवार की सुबह में गैस एजेंसी के समीप मुख्य सड़क पर दोनों व्यक्ति ने सड़क के किनारे सड़क की मार्किंग का कार्य कर रहे थे।

## देवर ने टांगी से मार भाभी को उतरा मौत के घाट

रोहतास। कोचस थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव में 39 वर्षीय महिला को टांगी से मार कर मौत के घाट उतार दिया गया है। मृतक महिला झामु राम की पत्नी गुड़िया देवी बताई जाती है। घटना की सूचना के बाद पहुंचे एसडीपीओ कुमार वैभव प्रखंड विकास अधिकारी दीपचंद जोशी सीओ बिनीत ब्यास थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा गांव पहुंचकर परिजनों को समझा बूझकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना का अंजाम देने वाले उसके देवर शंभूराम पिता सिपाही राम को धारदार हथियार के साथ हिरासत में लिया गया है। हालांकि इस घटना कि जानकारी देते हुए कोचस थानाध्यक्ष ने बताया कि देवर भाभी में पिछले कई दिनों से मामूली सी बात को लेकर कहा सुनी हो रहा था।

# जनसंपर्क अभियान कर श्रम संसाधन मंत्री ने लोगों की सुनी समस्या

प्रात: किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) काराकाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नोखा विधानसभा में महापुर गांव में बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को क्षेत्रों का किया दौरा। इस क्रम में उन्होंने लोगों से एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में मत करने का किया अपील। इसी क्रम में महापुर गांव में मुखिया प्रतिनिधि विवेक सिंह ने उनसे मुलाकात की। अवसर पर मंत्री ने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विश्वास के साथ 400 पार का एनडीए ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। साथ ही एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को भारी मतों से काराकाट लोकसभा क्षेत्र से जीत दिला उन्हें जनता जीत का सरताज पहनायेगी। जिसको लेकर कार्यकर्ता ने मजबूती के लिए संकल्प लिया। मौके पर भाजपा नेता दीनानाथ राय, इंद्रजीत सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए कार्यकर्ता ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



डेहरी (रोहतास) नगर परिषद डेहरी स्थित एक सभागार में एनडीए की समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसमें औरंगाबाद जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्र तहत एनडीए के प्रखंड और पंचायत समिति कार्यकर्ता शामिल थे। बैठक के दौरान एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में और मोदी सरकार के 400 पार के नारे को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी औरंगाबाद के जिला उपाध्यक्ष सिद्धानाथ मिश्रा ने किया। जबकि संचालन राष्ट्रीय लोक मोर्चा के औरंगाबाद जिला अध्यक्ष अशोक मेहता ने किया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अभियान समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा, रोहतास के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु पटेल, युवा प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी विशाल सिंह, नवीनगर प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पांडे, मनोज कुमार, रविशंकर शर्मा, अरुण सिंह, सतेंद्र चौधरी, विनय कुमार सहित अन्य पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जाँच समिति पर उठाये पूर्व सीनेटर ने सवाल, मामला महाराजा कॉलेज वित्तीय घोटाले का

आरा : महाराजा कॉलेज में पूर्व प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार के कार्यकाल में हुए लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये के हुए घोटाले की विश्वविद्यालय द्वारा गठित जाँच समिति ही खुद सवालों के घेरे में खड़ी होती नजर आ रही है। पूर्व सीनेटर प्रो दिवाकर पांडेय ने गठित तीन सदस्यीय जाँच समिति द्वारा अनावश्यक विलम्ब किये जाने पर सवाल उठाते हुए कुलपति को आवेदन सौंपकर वित्तीय अनियमितता के दोषियों पर समुचित एवं त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि जिसपर जाँच चल रही है वे प्रभावशाली व्यक्ति हैं और वर्तमान में जैन कॉलेज के प्राचार्य पद पर रहते हुए जाँच को प्रभावित करने में सक्षम हैं। प्रो दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि जाँच में अनावश्यक विलम्ब से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वे जाँच को प्रभावित कर चुके हैं। ज्ञात हो कि हाल में छात्रों ने भी इस मामले पर आंदोलन किया था जिस पर कुलपति ने 15 अप्रैल के पहले जाँच पूरी करा लेने का आश्वासन दिया था। प्रो पाण्डेय ने इस बात का भी उल्लेख किया है कि पूर्व में राज्यपाल सह कुलाधिपति के अलावा मुख्यमंत्री को भी इस घोटाले में दोषियों पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया जा चुका है। इस घोटाले की सूचना पाकर विधानसभा में डुमरांव विधायक अजित कुमार सिंह और तरारी विधायक सुदामा प्रसाद ने भी आवाज उठाकर स्वतंत्र एजेंसी से जाँच कराने की मांग की थी। पूर्व सीनेटर प्रो पाण्डेय ने लिखा है कि जाँच में अनावश्यक विलम्ब से छात्रों, शिक्षकों एवं आम जनता का विश्वविद्यालय प्रशासन से भरोसा उठता जा रहा है।

# आनंद से विध्वंश तक महादेव ने किया नृत्य का सृजन : बक्शी विकास



पूरी प्रकृति के नृत्य की अपनी शैली व अपना लय है। हवाओं के संगीत पर पेड़ पौधे नृत्य करते हैं तो शौर्य मंडल में सभी ग्रह व नक्षत्र लय मग्न होकर चक्कर काटते हुये नृत्य का प्रदर्शन कर रहें हैं। प्रकृति के ताल पर बारिश की बूंदों पर मयूर झूम कर नृत्य करता है मौसम में सावन झूमता हुआ नृत्य का मंचन करता है। जीवन के रंगमंच पर इंसान जन्म से मृत्य तक नृत्य ही तो करता है। नृत्य के बिना सृष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती। आनंद से विध्वंश तक नृत्य को स्वयम भगवान शंकर ने लयबद्ध किया है। उक्त बातें कथक गुरु बक्शी विकास ने कहीं। अवसर था शिवादी क्लासिक सेंटर ऑफ आर्ट एण्ड म्यूजिक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस समारोह का। इस कार्यक्रम का उद्घाटन नवी पीढ़ी की उभरती कथक नृत्यांगना चित्रा कुमारी ने किया। इस अवसर पर चित्रा ने एकल कथक नृत्य में गणेश वंदना, तीनताल में उपज, ठाट, उठान, आमद, तोड़े-टुकड़े व तिहाईयां प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही राका श्रीवास्तव, हंसिका, अमृता, अंजली, स्नेहा पाण्डेय ने मैथिली लोक नृत्य झिझिया प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। वहीं नन्ही नृत्यांगना सोमी, सोनी, सगुण व सिद्धि आनंद ने कृष्ण वंदना प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इस अवसर संस्था की निदेशिका कथक नृत्यांगना आदित्या श्रीवास्तव ने सभी नृत्यांगनाओ को युवा नृत्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। मंच संचालन कथक नर्तक अमित कुमार व धन्यवाद ज्ञापन संयोजक अजीत पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर विदुषी बिमला देवी, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. ममता मिश्रा, इंजीनियर सुशील कुमार, रविशंकर, सुशीला देवी, महेश यादव, चंद्रमोहन ओझा समेत कई गणमान्य उपस्थित थें।

## एनडीए कार्यकर्ताओं के चुनावी दंगल पर की विशेष चर्चा

काराकाट (रोहतास) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन काराकाट लोकसभा में एनडीए के नेताओं ने कार्यकताओं के साथ बैठक की काराकाट प्रखंड के पचायत मुंजी, चिकसिल, काराकाट, मोथा, जयश्री, पंचायत में घूम करके बुथ कमेटी के लोगों को बुलाकर के उपेंद्र कुशवाहा को जीताने को लेकर के संवाद किए तथा मोदी जी के द्वारा किए गए कामों का उल्लेख किया गया। राष्ट्र के लिए समर्पित व्यंजन का विश्वास विदेश में भी भारत के झंडा को बुलंद करने वाले, उग्रवादियों को छक्का छुड़ाने वाले, 56 इंची के सीन वाले मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए तथा भारत वर्ष को विश्व गुरु बनाने के लिए फिर से मोदी सरकार 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए, जन-जन का विश्वास हासिल करने के लिए, संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें मौके पर भारतीय जनता पार्टी काराकाट मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, मुंजी पंचायत अध्यक्ष बच्चा सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा भाजपा नेता जनार्दन सिंह सहित कई शामिल थे।

# शॉर्ट सर्किट से मैगरा बाजार के सात दुकान जलकर हुआ राख

प्रात: किरण संवाददाता



गया। डुमरिया प्रखंड के मैगरा थाना क्षेत्र का मैगरा बाजार में रविवार को रात्रि 2:00 बजे फर्नीचर दुकान, कपड़ा दुकान, किताब दुकान में आग लग जाने के कारण सारा सामान जल का राख हो गई आग के चपेट में आने से अगल-बगल किताब दुकान कपड़ा दुकान चप्पल दुकान का सारा सामान जल का राख हो गया आग लगने के बाद शोर सुनकर पहुंचे आसपास पड़ोस के लोगों ने पानी डालकर किसी प्रकार आग पर काबू करने का प्रयास किया लेकिन बचाव नहीं हो सका कुछ लोगों ने फायर ब्रिगेड को 2:10 मिनट पर फोन कर सूचना दिया लेकिन फायर ब्रिगेड का टीम 3:00 बजे पहुंचा उसके बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जल का राख हो चुका था फर्नीचर दुकान के मालिक नगहरी निवासी दीपक शर्मा पिता सीताराम मिस्त्री ने बताया कि रात्रि 2:00 बजे मैगरा से कोई लड़का फोन कर बताया कि आपका दुकान में आग लग गया है जिससे सामान जल का राख हो गया, दुकान में रखा शादी विवाह के लिए पलंग 4 सेट, 8 से 10 सेट खिड़की, जनरेटर, रंदा मशीन, चौकी 3, 7पीस कुर्सी, 46 पिस पटरा, चौखट, समेत 10 से 12 लाख का नुकसान हुआ है चप्पल दुकान के मलिक मोहम्मद राजा ने बताया कि मेरे दुकान में चप्पल जूता लगभग 3 लाख के बीच जल का राख हो गया, कपड़ा दुकान का मालिक मदन साव ने बताया कि हमारा दुकान में रोहित, राजा, चुनचुन का कपड़ा, साड़ी, शर्ट पैंट, जींस लगभग 10 से 12 लाख का रखा हुआ था जो जल कर राख हो गया सूचना पाने के बाद समाजसेवी पवन चंद्रवंशी प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, सरपंच पति अखोरी पिंकू ने घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया घटना शॉर्ट सर्किट से हुआ है इससे लगभग 30 से 40 लाख का नुकसान हुआ। पवन चंद्रवंशी ने बताया की अगर डुमरिया में फायर ब्रिगेड का टीम रहती तो सामान इतना नहीं जलता इसमें बिजली विभाग के लापरवाही बहुत है बिजली विभाग के जेई फोन पर सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं उनका काम है सिर्फ उगाही करना, बिजली विभाग के लापरवाही के कारण हमेशा घटना घटती रहती है, कभी जानवर मर जाति है, कभी इंसान के जान चल जाति है।

# अधिक मजदूर लगाकर सफाई कार्य जल्द कराएं : नगर आयुक्त

गया। बरसात के मोसम को ध्यान में रखते हुए गया नगर निगम द्वारा गया नगर निगम क्षेत्र के नाला, नाली की 2024 की सफाई मिशन मोड में प्रारंभ कराई गई है। इस क्रम में आज दिनांक 29 को अभिलाषा शर्मा नगर आयुक्त गया नगर निगम द्वारा गया नगर निगम क्षेत्र में किए जा रहे नाला, नाली सफाई का स्थल निरीक्षण किया गया है। गया नगर निगम क्षेत्र में बड़े नालों एवं वार्ड के मध्यम एवं छोटे नालियों की सफाई युद्ध स्तर पार्क प्रारंभ कराई गई है। बड़े नालों बॉटम, नदरागंज, इकबाल नगर, मनसर्वा नालों इत्यादि।में सफाई कार्य चल रहा है। इकबाल नगर एवं बॉटम नाला में निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया गया की और अधिक मजदूर लगाकर सफाई कार्य जल्द सफाई कराएं एवं जिस नाला में जहां पर मशीन से सफाई हो सकता है वहां मशीन से सफाई कराना सुनिश्चित करें। डिसिल्टिंग मशीन, अन्य मशीन से नाला एवं भूगर्भ नाला की सफाई कराई जा रही है। इस निरीक्षण के क्रम में क्रेन स्कूल नाला, अलीगंज नाला, अनुग्रह कॉलेज के पास नाला, कन्या पाठशाला रोड नाली, वार्ड नं 14, 20 के नालियों का भी निरीक्षण किया गया है। आगे यह भी निर्देश दिया गया की और अधिक मजदूर लगाकर जल्द से जल्द सफाई का कार्य समाप्त करें। बॉटम नाला में कम मजदूर लगाने पर संबंधित जमादार को हटाकर दूसरे को कार्य सौंपने का निर्देश दिया गया है। सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।

